हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 28 जून 2025

12 नशे के खिलाफ महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट की मुहिम को मिला...



12 फतेहाबाद जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति के 35...



## खबर संक्षेप

### शादीशुदा महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**भूना।** गांव नहला में 35 साल की महिला सुनीता रानी ने शुक्रवार सुबह आत्महत्या कर ली। उसने घर के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर फंदा लगाया। सुबह करीब 4 बजे यह घटना हुई। परिजन जब जागे तो कमरा बंद मिला। दरवाजा खोलकर देखा तो सुनीता फंदे से लटकी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस गांव पहुंची। शव को नागरिक अस्पताल फतेहाबाद भेजा गया।

### वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक रद

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिक परिषद की 29 जून रविवार को होने वाली मासिक बैठक को रद्द कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिक परिषद फतेहाबाद की प्रधान ईश्वर देवी सेठी व सचिव सुग्रीव सिंह बिश्नोई ने बताया कि बाल भवन के परिसर में बरसात का पानी दो फीट से ज्यादा भरा हुआ है और मौसम विभाग ने 30 जून तक जिले में भारी बरसात का अलर्ट जारी किया हुआ है जिसके चलते यह मासिक बैठक रद्द की जा रही है।

### इग्नू में नए प्रवेश के लिए आवेदन 15 तक

**फतेहाबाद।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), नई दिल्ली द्वारा संचालित अध्ययन केंद्र 1031, सीएमजी राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा के समन्वयक डॉ. गुरनाम चंद ने बताया कि जुलाई 2025 सत्र के लिए इग्नू में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक विद्यार्थी मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा तथा ऑनलाइन मोड में संचालित अधिसूचित कार्यक्रमों में प्रवेश ले सकते हैं। इन कार्यक्रमों में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है।

### पुलिस ने हेरोइन सहित नाबालिग को किया काबू

**रतिया।** रतिया थाना पुलिस ने हेरोइन सहित एक नाबालिग के पकड़े जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए हेरोइन सप्लायर को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान प्रवीन शर्मा पुत्र महेन्द्र शर्मा निवासी विद्युत नगर हिसार वर्तमान में अनाज मण्डी, रतिया के रूप में हुई है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है।

### डोडा पोस्त के मुख्य सप्लायर को दबोचा

**फतेहाबाद।** जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस को डोडा पोस्त तस्करी के महत्वपूर्ण मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले के मुख्य सप्लायर को गुजरात के कच्छे से काबू किया है। आरोपी की पहचान सुरेश उर्फ फौजी पुत्र नत्थू राम निवासी बन मंदोरी, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। इसी मामले में पुलिस पहले ही रहीश निवासी भट्टूकलां, तथा रवि कुमार पुत्र फुसाराम निवासी मेहूवाला को काबू कर चुकी है।

### राजकीय कॉलेज में दाखिले की पहली मेरिट सूची जारी

**भूना।** राजकीय महाविद्यालय भूना में स्नातक प्रथम वर्ष बीए, बीकॉम, बीएससी में दाखिले के लिए उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा ने पहली मेरिट सूची जारी कर दी है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार ज्याणी ने बताया कि सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को 30 जून तक ऑनलाइन फीस जमा करनी होगी। तय समय तक फीस न भरने पर उनका दाखिला रद्द कर दिया जाएगा। ऐसे विद्यार्थियों की जगह दूसरी मेरिट सूची के अभ्यर्थियों को मौका मिलेगा। डॉ ज्याणी ने बताया कि यदि कोई पहली सूची में चयनित होने के बाद दाखिला नहीं लेना चाहता, तो ऑनलाइन पोर्टल पर डिफर विकल्प चुनकर दूसरी मेरिट सूची में शामिल हो सकता है।

## 4 जुलाई तक पूरे हरियाणा को कवर करेगा मानसून

# बारिश के दूसरे दिन उमस ने किया बेहाल, आज से बारिश के आसार

### अधिकतम तापमान 36 डिग्री तथा न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

फतेहाबाद में वीरवार को मानसून की पहली जबरदस्त हुई बरसात के दूसरे दिन शुक्रवार को मौसम फिर पहले जैसी स्थिति में आ गया। शुक्रवार को तेज धूप और उमस से लोग बेहाल दिखाई दिए। अगले दो दिनों में नमी वाली हवाएं चलने से मौसम विभाग ने 28 व 29 जून को फिर बारिश की संभावना जताई है। यह बारिश 2 से 3 जुलाई तक लगातार चार दिन पूरे हरियाणा में मानसून को कवर करेगी। शुक्रवार को फतेहाबाद का अधिकतम तापमान 36 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। हवा में नमी की मात्रा 61 प्रतिशत रही। बता दें कि वीरवार को फतेहाबाद में एक घंटे में ही 76 एमएम पानी बरसा जिससे लोगों के चेहरों पर रौनक लौट आई। आज दूसरे दिन मौसम फिर पहले जैसी स्थिति में आ गया। हालांकि शुक्रवार को हिसार एचएयू के मौसम विभाग ने 28 जून से 4 जुलाई तक लगातार बारिश की संभावना जताई है। प्रदेश में मानसून इस बार 5 दिन पहले आया है, इस वजह से मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस बार ज्यादा बारिश होगी। जून महीने के 26 दिनों में पिछले साल के मुकाबले ज्यादा बारिश हो चुकी है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि सामान्य तौर पर प्रदेश में 28-29 जून को मानसून की एंट्री होती है। इस बार यह 23-24 जून को हरियाणा में प्रवेश कर गया। ऐसे में सामान्य से अधिक बारिश होने के पूरे आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक 2024 के जून महीने में हरियाणा में 29.3 मिमी बरसात हुई थी, जबकि आमतौर पर पूरे जून महीने में 55.3 मिमी बारिश होती है, यानी पिछले साल 47 प्रतिशत कम बारिश हुई थी। इस साल एक जून से 26 जून तक ही हरियाणा में 51.2 मिमी बारिश हो चुकी है, जबकि इस समय तक आमतौर पर 42.5 मिमी बारिश होती है। इस लिहाज से इस बार अब तक 20 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है। वीरवार को हरियाणा के अधिकतम तापमान में 4.1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई।



फतेहाबाद। गर्मी में अपने बच्चें को लेकर जाती महिला। *फोटो: हरिभूमि*

### उमस और गर्मी के चलते अस्पताल में दवा काउंटर पर खड़ी महिला हुई बेहोश

**फतेहाबाद।** वीरवार को शहर में हुई झमाझम बरसात के बाद अब तेज धूप और उमस ने लोगों की मुसीबतों को बढ़ा दिया है। शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में उमस और धूप के कारण दवा लेने के लिए आई एक गर्भवती महिला बेहोश होकर गिर पड़ी। आसपास खड़े लोगों ने तुरंत महिला को संभाला और उसे अस्पताल के एमरजेंसी वार्ड में लेकर पहुंचे। वहां नर्स व डॉक्टर ने उसकी देखभाल कर उसे कूलर के सामने लिटाया। काफी देर बाद गर्भवती की हालत में सुधार हुआ। इसके बाद परिजन उसे घर लेकर रवाना हुए। मिली जानकारी के अनुसार, गांव ढाणी मियां खा निवासी रेणु अपने पति के साथ सिविल अस्पताल में आई थी। पहले उसने डॉक्टर से चेकअप करवाया। डॉक्टर ने उसको दवाई लिखकर दे दी। दवा काउंटर पर काफी भीड़ होने के कारण वह लाइन में लग गई। काफी देर तक वह खड़ी रही तो उसे चक्कर आ गया। वह बेहोश होकर वहीं गिर गई। दौड़कर आसपास के लोगों ने उसे संभालकर दवा काउंटर के पास ही बने बैठने के स्थान पर लिटाया और हाथों से हवा देने लगे।

## 30 जून को रहेगी धारा 163 लागू

# मतगणना केंद्र में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक

- जिलाधीश ने जारी किए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

कालांवाली नगरपालिका के प्रधान पद व सभी वार्ड सदस्य पद के चुनाव की मतगणना के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधीश शांतनु शर्मा ने शुक्रवार को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 की प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं। ये आदेश 30 जून को सुबह छह बजे से प्रभावी होंगे और मतगणना प्रक्रिया समाप्त होने तक लागू रहेंगे। कालांवाली नगरपालिका के आम चुनाव 29 जून को होंगे तथा मतगणना 30 जून को स्थानीय चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के डा. अंबेडकर भवन में होगी। जारी आदेश अनुसार, मतगणना केंद्र के 500 मीटर के दायरे में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक रहेगी। केवल ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के जवान, प्रत्याशी, उनके निर्वाचन एवं गणना एजेंट तथा राज्य चुनाव आयोग या उपायुक्त / रिटर्निंग अधिकारी द्वारा अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। इसके अलावा केंद्र के भीतर हथियार, माचिस, लाइटर, ब्लेड, चाकू, किसी भी प्रकार के रसायन, मोबाइल फोन, वॉकी-टॉकी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, अतिरिक्त कपड़े, बेल्ट, आदि ले जाने पर रोक रहेगी।

### 200 मीटर के दायरे में कैंप लगाने पर प्रतिबंध

मतदान केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में किसी भी उम्मीदवार या राजनीतिक दल द्वारा बूथ / कैंप लगाने पर रोक लगाई है। यदि किसी स्थान पर एक से अधिक मतदान केंद्र हैं, तो वहां भी केवल एक ही बूथ / कैंप की अनुमति दी जाएगी, जो 200 मीटर की सीमा से बाहर होना चाहिए। मतदान केंद्र के भीतर प्रवेश केवल उन्हीं व्यक्तियों को मिलेगा जिन्हें पीठासीन अधिकारी द्वारा अनुमति दी जाएगी।

# सांवरा हत्याकांड में तीन और काबू

- रंजिश के चलते एक युवक की लाठी डंडों से पीट कर की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

पुलिस ने जिला के गांव रूपावास में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की लाठी डंडों से पीट कर हत्या करने के मामले में तीन और आरोपियों को काबू कर लिया है। आरोपियों की पहचान राजपाल पुत्र भागीराम, गोविंद पुत्र महेंद्र सिंह तथा ओमप्रकाश निवासी गांव रूपावास जिला सिरसा के रूप में हुई है। चौपटा थाना प्रभारी राजकुमार ने शुक्रवार को बताया कि नाथूसरी चौपटा पुलिस ने राधेश्याम पुत्र बुधराम निवासी रूपावास की शिकायत पर मामला किया गया था। इस मामले में अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मृतक के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 30 मई 2025 को सायं के समय कुछ लोगों ने मिलकर जबरन उसके बेटे सांवरा को गली में से उठाकर अपने घर पर ले गए थे और चारपाई पर रस्सी से बांध कर लाठी डंडों से बेहरमी से पीट-पीट कर उसकी हत्या कर दी।



हत्या मामले में पकड़े गए आरोपी।

### यह था मामला

गांव रूपावास निवासी सांवरा का चचेरा भाई गांव के ही एक युवती को भगा ले गया था। बाद में युवती के परिजन सांवरा व उसके चचेरे भाई से रंजिश रखने लगे। सांवरा भी अपने परिवार के साथ गांव छोडक़र बाहर चला गया। 30 मई को सांवरा अपने पिता के साथ गांव लौटा तो आरोपियों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। परिजन सांवरा को अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# नशे में पटवारी पर बोला हमला

- पुलिस ने पटवारी के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले की जाखल उपतहसील में एक व्यक्ति द्वारा पटवारी पर हमला करने का मामला सामने आया है। घायल पटवार को उपचार के लिए जाखल के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया गया है। शुक्रवार सुबह पटवारी कृष्ण कुमार अपने कार्यालय में काम कर रहे थे। इसी दौरान जाखल गांव निवासी लाभ सिंह ने उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने घायल पटवारी के ब्यान दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी लाभ सिंह शराब के नशे में धुत्त था। उसने कार्यालय में घुसकर लाठी से पटवारी कृष्ण कुमार के सिर पर वार किया। पटवारी ने खुद को बचाने का प्रयास किया। लेकिन बार-बार लाठी से वार करने से उनके सिर और हाथ पर चोटें आई। कार्यालय में मौजूद अन्य पटवारी और नंबरदार ने बीच-बचाव किया। आरोपी ने उन पर भी लाठी से हमला करने की कोशिश की। साथी पटवारियों ने कृष्ण कुमार को बचाकर जाखल के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। पीड़ित पटवारी ने बताया कि आरोपी पहले जमाबंदी फर्द तस्दीक करवाने आया था। एक घंटे बाद वह शराब पीकर लाठी लेकर लौटा और हमला कर दिया। पुलिस ने घायल पटवारी के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



फतेहाबाद। जाखल अस्पताल में उपचाराधीन पटवारी। *फोटो: हरिभूमि*

# घिरी बुवान की सरपंच को डीसी ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- पंचायत फंड के दुरूपयोग के आरोपों में की कार्रवाई



सरपंच परमजीत कौर।

पंचायती फंड का दुरूपयोग करने के आरोपों में घिरी ग्राम पंचायत बुवान की सरपंच परमजीत कौर को उपायुक्त ने निलंबित कर दिया है। उपायुक्त मनदीप कौर ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 51 (1)(बी) के तहत यह कार्रवाई की है। उपायुक्त ने परमजीत कौर को धारा 51 (2) के तहत पंचायत की किसी भी कार्रवाई में भाग लेने से भी रोक दिया गया है। बता दें कि इससे पहले भी एक बार सरपंच सस्पेंड हो चुकी है लेकिन 15 दिन बाद उसे दोबारा बहाल कर दिया गया था। सरपंच पर आरोप है कि नशे के विरुद्ध निकाली गई साइकिल यात्रा के लिए झूठे बिल लगाए। इस यात्रा में दो डीएसपी, अन्य अधिकारी और कई गांवों के लोग शामिल हुए थे। गांव बुवान से भी बड़ी संख्या में लोग इस यात्रा में शामिल हुए थे। ग्राम पंचायत बुवान ने इन लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था की थी। इस पर बतरा स्वीट्स बुवान का बिल पंचायत फंड से चेक से किया गया है। पंचायत का कहना है कि यह भुगतान नियमों के तहत सर्वसम्मति से किया गया। इसके अलावा सरपंच पर शपथ समारोह के दौरान टैंट के झूठे बिल लगाने और वकील को तय फीस से अधिक भुगतान करने के भी आरोप हैं। इन सभी मामलों में पंचायत फंड का दुरुपयोग किया गया। ग्रामीण लखा राम व जैकी कंबोज द्वारा 27 जनवरी 2025 को समाधान शिविर के दौरान सरपंच के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई थी। इसके बाद डीडीपीओ ने जांच की, जिसमें आरोप पुष्ट हुए। इन आरोपों के चलते उपायुक्त ने 9 मई 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इसके जवाब में 14 मई 2025 को सरपंच परमजीत कौर को निजी सुनवाई का अवसर दिया गया। शुक्रवार को उपायुक्त ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी भूना को निर्देश दिए गए हैं कि यदि सरपंच के पास पंचायत की कोई चल या अचल संपत्ति हो तो उसे कब्जे में लिया जाए।

### पहले भी किया था निलंबित, बाद में किया बहाल

सरपंच परमजीत कौर को पंचायती जोहड़ पर अवैध कब्जे के मामले में 16 सितंबर 2024 को भी उपायुक्त मनदीप कौर ने निलंबित कर दिया था। हालांकि इसमें सरपंच का कोई भी कसूर नहीं था, मगर फिर भी उन्हें बलि का बकरा बनाया गया। बाद में उपायुक्त मनदीप कौर ने मात्र 15 दिन बाद ही उन्हें बहाल कर दिया। सरपंच परमजीत कौर ने कहा कि अब भी उनका कोई कसूर नहीं है। प्रशासनिक स्तर पर नशामुक्ति यात्रा के लिए लोगों व अधिकारियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। सामान खरीदने वाले को सीधे चेक दिए गए हैं, मगर फिर भी उन्हें निलंबित किया गया है। वह आज भी बेकसूर हैं। उसने एक पैसे की भी गडबड़ी नहीं की है। निर्दोष होने के बाद उनको दोषी बनाया जा रहा है।



भूना। अवैध कॉलोनी की बाउंड्री वॉल पर चलता बुलडोजर। *फोटो: हरिभूमि*

# अवैध कॉलोनी में किए निर्माण को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

- नागरिक प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता की जांच जरूर करें : डीटीपी

नगर योजनाकार विभाग ने शुक्रवार को खैरी रोड पर 5 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर बड़ी कार्रवाई की। डीटीपी अंजू दूहन के नेतृत्व में टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पालिका अभियंता नरेंद्र सिंह पंवार के दिशा-निर्देशन में मौके पर पहुंचकर बुलडोजर से कॉलोनी की बाउंड्री वॉल और दो डीपीसी को गिरा दिया। यह कॉलोनी राजेश कुमार पुत्र रामस्वरूप, बलजीत सिंह, गुरभेज सिंह और भावना देवी द्वारा अवैध रूप से काटी जा रही थी। विभाग ने पहले ही इन्हें नोटिस जारी किए थे। इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहा और लोगों को गुमराह कर प्लॉट बेचे जाने लगे। इंस्पेक्टर पुष्पा ने बताया कि सूचना मिलते ही विभाग ने निरीक्षण किया। मौके पर चारों ओर बाउंड्री वॉल खड़ी मिली। दो आवासीय निर्माण के लिए डीपीसी तैयार थी। विभाग ने तुरंत कार्रवाई कर सभी निर्माण तोड़ दिए। डीटीपी अंजू दूहन ने कहा कि भूना में अवैध कॉलोनी नहीं बनने दी जाएगी। नागरिक प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता की जांच जरूर करें। अवैध कॉलोनी में मकान बनाने पर जिम्मेदारी खुद की होगी। उन्होंने बताया कि कॉलोनाइजरों के खिलाफ पुलिस में शिकायत देकर एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

# जिला में इग्नू की परीक्षाओं के मद्देनजर धारा 163 लागू

**फतेहाबाद।** जिलाधीश मनदीप कौर ने जिला के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 19 जुलाई तक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की जून 2025 परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए परीक्षा केंद्रों की परिधि में धारा 163 लागू करने के आदेश पारित किए हैं। जारी आदेशों की अवहेलना में यदि कोई दोषी पाया जाता है कि तो भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेशों में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति जिला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों की 500 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के हथियार ले जाने पर पाबंदी रहेगी। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से परीक्षा केंद्रों में प्रवेश नहीं कर सकता है। परीक्षा केन्द्रों के नजदीक 200 मीटर की परिधि में सभी फोटोस्टेट की दुकानें व कोचिंग सेंटर भी बंद रहेंगे। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में किसी भी वाहन की पार्किंग नहीं की जा सकेगी। वाई-फाई युक्त मोबाइल फोन, ब्लूटूथ सहित अन्य डिवाइस के ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में लाउडस्पीकर बजाने पर भी रोक रहेगी। आदेशों की अवहेलना करने वाले तथा असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। ये आदेश डयूटी पर तैनात पुलिस व कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे।

# मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर खरीफ फसलों का पंजीकरण शुरू

**सिरसा।** खरीफ 2025 फसलों का मेरी फसल मेरा-ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण शुरू हो चुका है। किसान अपनी खरीफ फसलों का ब्यौरा दर्ज कर पंजीकरण करवा सकते हैं। उप कृषि निदेशक डॉ. सुखदेव सिंह ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा किसान कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने हेतु फसल पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। केवल उन्हीं किसानों की फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएंगी जो पोर्टल पर पंजीकृत होंगे। इसलिए किसानों समय पर फसल पंजीकरण करवाकर किसी भी प्रकार की असुविधा से बचें और अपनी फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेच सकें। इसके अतिरिक्त किसान मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाते समय ही पराली प्रबंधन के लिए धान की पराली को मिट्टी में मिलाने व गांठे बनाने के लिए 1200 रुपये प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन कर सकता है। पंजीकरण के लिए किसान के पास पीपीपी आईडी व आधार कार्ड अनिवार्य है।

## नाथूसरी चोपटा में इफको केंद्र पर डीएपी की 500 बोरियां पहुंची

# खाद के लिए किसानों में होड़, पुलिस ने संभाला मोर्चा

- किसानों की मांग केंद्र पर नियमित रूप से खाद की आपूर्ति की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

नाथूसरी चोपटा में इफको केंद्र पर डीएपी खाद के एक ट्रक के पहुंचते ही शुक्रवार को किसानों की भीड़ उमड़ गई। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बुलाना पड़ा। पुलिस की मौजूदगी में खाद वितरित की गई। जानकारी के अनुसार चोपटा के खाद वितरण केंद्र पर डीएपी खाद से लदा एक ट्रक आया था, जिसमें 500 बैग खाद उपलब्ध थे। किसानों को इसकी जानकारी मिली तो वे केंद्र पर पहुंच गए, क्योंकि क्षेत्र में लंबे समय से खाद की किल्लत चल रही थी। किसान महेंद्र सिंह, सतवीर सिंह, केहर सिंह, भगत सिंह ने बताया कि वे सुबह से भूखे-प्यासे ही लाइन में खड़े रहे, ताकि उन्हें खाद मिल सके। कुछ किसानों ने यह भी कहा कि खाद न मिलने की स्थिति में फसलें खराब होने का डर था, इसलिए वे किसी भी कीमत पर डीएपी लेना चाहते थे।



सिरसा। इफको केंद्र में खाद लेने पहुंची किसानों की भीड़। *फोटो: हरिभूमि*

### पुलिस ने लाइन बनवाकर कराया वितरण

इफको केंद्र के सेल्ज ऑफिसर संजय कुमार ने बताया कि सुबह एक ट्रक में 500 बैग डीएपी खाद केंद्र पर पहुंचा था। जैसे ही वितरण शुरू हुआ, भारी संख्या में किसान केंद्र पर उमड़ पड़े, जिससे अफरा-तफरी मच गई। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए नाथूसरी चोपटा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाइन बनवाई और शांति से खाद का वितरण कराया। केंद्र में आई खाद का वितरण कर दिया गया। हालांकि कुछ किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ा, जिससे उनमें मायूसी देखी गई। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि केंद्र पर नियमित रूप से खाद की आपूर्ति की जाए ताकि उन्हें इस प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।


सबसे ऊंची उड़ान भरने वाला पक्षी गिद्ध है, जो 11,000 मीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है।


सबसे बड़ा मकड़ी का जाला 28 मीटर चौड़ा और 34 मीटर लंबा हो सकता है।

# अच्छी जॉब चाहिए तो सीखनी होगी अच्छी स्किल



नॉलेज


यंगभूमि डेस्क

आजकल जमाना काफ़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है। हर दिन नई-नई टेक्नोलॉजी सामने आ रही है। ऐसे में मनुष्य का भी नई टेक्नोलॉजी के अनुसार ढलना जरूरी है। अब ऐसा नहीं है कि आपने कोई भी पढ़ाई की और आराम से नौकरी मिल जाएगी। अब विद्यार्थियों को नौकरी लेने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। नौकरी लेने के लिए अब पढ़ाई नहीं बल्कि स्किल होनी चाहिए। आपको जॉब देने वाले लोग देखेंगे कि आपके अंदर किसी काम को करने के लिए कितना कौशल है। आप किस प्रकार किसी भी कम को करते हैं या समझते हैं और उसे कितने तरीके से कर सकते हैं।

## कौशल होना जरूरी

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंजीनियरिंग** : आज का जमाना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। हर कोई मोबाइल और इंटरनेट पर अपना पूरा समय व्यतीत करता है। इस प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसा माध्यम है जहां मशीन आपके अनुसार कार्य करती है। आने वाले वक़्त में पूरी दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बड़े पैमाने पर उपयोग करेगी। इस कारण आज के समय में अगर आप एक ऐसी नौकरी पाना चाहते हैं जिनकी मांग बहुत ज्यादा हो, कंपटीशन कम हो और ज्यादा से ज्यादा पैसा मिले तो आपको आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोर्स करना चाहिए। यह कोर्स आप आसानी से ऑनलाइन या ऑफलाइन कर सकते है। किसी भी संस्था के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोर्स करने के लिए सबसे पहले आपको पूरी जानकारी एकत्रित कर लेनी है।

## मशीन लर्निंग



आज के डिजिटल दौर में अलग-अलग कंप्यूटर व अलग-अलग तरह की मशीन बनाई जा रही है। यही वजह है कि मशीन लर्निंग की मांग काफी तेज हो चुकी है। इसके लिए आपको अलग-अलग कंप्यूटर लैंगवेज की समझ होनी चाहिए। मशीन लर्निंग के बारे में अच्छे से समझ कर आप अच्छी कमाई कर सकते है। बहुत सारी कंपनी में मशीन लर्निंग का काम करने वाले कर्मचारी को अच्छी सैलरी दी जाती है। इस समय भी इसकी काफी ज्यादा डिमांड है और इस क्षेत्र में कंपटीशन भी नहीं है। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से मशीन लर्निंग के बारे में जान सकते है और ज्यादा से ज्यादा कंप्यूटर लैंग्वेज सीखकर मशीन लर्निंग के क्षेत्र में तरक्की कर

## ये योग्यताएं भी होना बहुत जरूरी

### क्लाउड कंप्यूटिंग

आज से कुछ वक्त पहले कंप्यूटर में जानकारी को स्टोर करने की प्रोसेस थोड़ी अलग थी और अब लोगों की संख्या बढ़ाने और हैकिंग होने के कारण क्लाउड कंप्यूटिंग दिन प्रति दिन पॉपुलर हो रहा है। जानकारी को एकत्रित रखने का एक शानदार माध्यम है जो आपकी वेबसाइट और सॉफ्टवेयर को हल्का रखता है। अगर आप इस दौर में में कोई ऐसी नौकरी चाहते हैं जहां कंपटीशन कम हो और आपकी काबिलियत के अनुसार आपको हाई सैलरी वाली जॉब मिल सके तो आज के समय में हर बच्चे को क्लाउड कंप्यूटिंग के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

### ब्लोक चेन टेक्नॉलाजी

पिछले समय से आपने बिटकॉयन के बारे में काफ़ी सुना होगा। यह एक करेंसी है जो ब्लाकचैन टेक्नोलॉजी पर चलती है। यही कारण है कि बिटकॉइन को कोई एक संस्था कंट्रोल नहीं करती है यह टेक्नोलॉजी इस कारण से लोगों के बीच काफी विख्यात हुई है और इस टेक्नोलॉजी को अन्य क्षेत्र में भी उपयोग करने की कोशिश की जा रही है। आगामी समय में ब्लाकचैन टेक्नोलॉजी का प्रयोग लगभग सभी संस्थाओं में किया जाएगा। अगर आप भी अच्छा पैसा कमाना चाहते है और अच्छी जॉब लेना चाहते है तो इसके बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करें और इसके बारे में अच्छी तरह समझे। इसके लिए आपको ब्लोक चेन टेक्नॉलाजी स्किल पर पूरा कमांड प्राप्त करना होगा।

### फाइनेंस मैनेजर

फाइनेंस के क्षेत्र में बहुत सारे ऐसे कोर्स हैं जिनके बारे में आपको पता होना चाहिए। जितनी जल्दी जमाना ग्रोथ कर रहा है लोगों की खरीदने की आदत उतनी गति से तेज़ हो रही है। पहले की अपेक्षा आज लोग ज्यादा खरीदारी करते हैं।



## आपके विदेश जाने के सपनों को भी कर सकते हैं पूरा

# विदेश में मिलेगा लाखों का पैकेज, भारी डिमांड वाले ये कोर्स बनाएंगे करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## फाइनेंस फील्ड में 60 लाख सालाना तक वेतन

विदेश में नौकरी का सपना हर युवा देखता है, लेकिन कम ही लोग विदेश में नौकरी कर पाते हैं। यदि आप भी विदेश में अच्छी नौकरी करके लाखों रुपए कमाना चाहते हैं तो यह इंफरमेशन आपके लिए ही है। आपको 12वीं के बाद ऐसे कोई कोर्स करना चाहिए, जिसकी विदेशों में भी काफी डिमांड रहती है। इनमें मैकेनिकल इंजीनियर, कंप्यूटर साइन्स, सिविल इंजीनियरिंग, बीमा विज्ञान, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, फार्मास्यूटिकल साइन्स, डिजिटल मार्केटिंग, डाटा एनालिटिक्स, मरीन इंजीनियरिंग, मीडिया और एनिमेशन कोर्स की डिमांड ज्यादा है। ऐसे कई कोर्स है जो लाखों की कमाई के साथ अच्छा करियर बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं। साथ ही विदेश जाने का सपना भी पूरा कर सकते हैं।

### मेकेनिकल इंजीनियर

विदेशों में टेक्निकल लोगों की काफी डिमांड है। खासकर मशीनरी और उसके पार्ट्स को डिजाइन और डवलप करने का काम करने वाली कंपनियों में काफी जॉब है। इसमें मैन्यूफैक्चरिंग प्रोसेस की देखरेख करने का भी काम होता है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग कोर्स की सबसे ज्यादा मांग अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों में है। यहां मैकेनिकल इंजीनियर को सालाना 56 लाख रुपए की सैलरी पर आसानी से नौकरी मिल जाती है।



### कंप्यूटर साइन्स

कंप्यूटर के युग में नई-नई टेक्नालॉजी आ रही है, कंप्यूटर सिस्टम में नए-नए एप्लीकेशन और सॉफ्टवेयर आ रहे हैं। ऐसे में कंप्यूटर साइंस कोर्स आपको अच्छे पैकेज वाली नौकरी विदेश में दिलवाएगा। विदेशों में साइबर फ्राड काफी ज्यादा बढ़ गए हैं, ऐसे में वहां कंप्यूटर साइंस की डिमांड भी लगातार बढ़ रही है। कंप्यूटर साइन्स में कंप्यूटर सिस्टम और उसके नेटवर्क की सुरक्षा करना, डाटा को हैकिंग से बचाना और साइबर क्राइम से प्रोटेक्शन करना सिखाया जाता है। कंप्यूटर साइंस के स्टूडेंट्स खासकर भारतीय स्टूडेंट्स की काफी डिमांड विदेशों में ज्यादा रहती है। इस कोर्स के बाद आप अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड, जर्मनी और इजरायल में जॉब कर सकते हैं। सालाना पैकेज भी 61 लाख से अधिक का मिल सकता है।



### बीमा विज्ञान

यदि आप बीमा विज्ञान के क्षेत्र में कोर्स कर रहे हैं तो निश्चित ही आप विदेश में नौकरी करेंगे। क्योंकि इसकी काफी डिमांड विदेशों में बढ़ गई है। वित्त के क्षेत्र में बीमा के लिए सांख्यिकी, रिस्क और मॉडलिंग के साफ्टवेयर, तकनीकों का इस्तेमाल इस कोर्स में होता है। इंश्योरेंस साइंस में कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आसानी से जॉब कर सकते हैं। सालाना पैकेज 65 लाख से ज्यादा हो सकता है।

### सिविल इंजीनियरिंग

भारत के सिविल इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स की डिमांड भी विदेशों में इसलिए है क्योंकि भारत के इस कोर्स में पब्लिक, प्राइवेट सेक्टर्स में सड़क, भवन, बिल्डिंग्स एयरपोर्ट, सुरक्षा के लिए निर्माण और जलापूर्ति का डिजाइन करना इस कोर्स के अंतर्गत आता है। और, इसी की डिमांड यूएई, आस्ट्रेलिया और अमेरिका में काफी है। क्योंकि इन देशों में लगातार विस्तार हो रहा है। सैलरी का पैकेज भी 55 लाख सालाना मिलता है।

### बायोमेडिकल इंजीनियरिंग

यदि आप बायोमेडिकल इंजीनियरिंग का कोर्स कर रहे हैं तो आपके लिए भी विदेश में नौकरी के काफी अवसर मिलेंगे। मेडिकल के क्षेत्र में इंजीनियरिंग स्किल्स का उपयोग और हेल्थकेयर में उपयोग होने वाले उपकरण तैयार करने, डिजाइन और उन पर रिसर्च करना, इस कोर्स का हिस्सा है। इसके बाद आपको न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, आयरलैंड, यूके और कनाडा में 58 लाख रुपए की सालाना सैलरी पर नौकरी मिल सकती है।



### फार्मास्यूटिकल साइन्स

कोरोना काल के बाद यह सेक्टर काफी ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। इन दिनों भी डिमांड लगातार बढ़ रही है। फार्मास्यूटिकल साइन्स का कोर्स आपका करियर बना देगा। इसमें नई-नई दवाओं को विकसित करना, उनकी टेस्टिंग करना और उन्हें मैन्यूफैक्चर करने का काम सिखाया जाता है। इस कोर्स के बाद आपको कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में 60 लाख रुपए के सालाना पैकेज पर नौकरी आसानी से मिल सकती है।

### डिजिटल मार्केटिंग

कोरोना काल के बाद अब लोग डिजिटल तरीकों से ज्यादा काम करने लगे हैं। कई कंपनियां भी डिजिटल मार्केटिंग पर जोर दे रही हैं। यही कारण है कि अब सभी प्लानिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म को ध्यान में रखकर की जाने लगी है। इनमें सोशल मीडिया के फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसी साइट्स के जरिए भी काम होने लगा है। देश ही नहीं विदेशों में भी मैनेजर और ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स जैसे प्रोफेशनल्स की मांग काफी बढ़ रही है। यह फील्ड क्रिएटिव वर्क के साथ ही अच्छी-खासी सैलरी भी दे रही है।

### डाटा एनालिटिक्स

कई कंपनियां डाटा एनालिटिक्स की भी भर्ती करती है। क्योंकि डाटा के जरिए कंपनी सेल्स स्ट्रेटेजी के जरिए कंपनी को आगे बढ़ा सकती है। इसका कोर्स भी युवाओं में काफी लोकप्रिय हो रहा है। डाटा साइंटिस्ट की मांग विदेशों में ज्यादा बढ़ गई है। लाखों का सालाना पैकेज भी कंपनियां दे रही हैं। गणित, स्टेटिस्टिक्स और कंप्यूटर एप्लिकेशन के स्टूडेंट्स डाटा साइंटिस्ट या डाटा एनालिटिक्स का कोर्स कर विदेशों में नौकरी आसानी से पा सकते हैं।


### मरीन इंजीनियरिंग

यदि आप मरीन क्षेत्र में नौकरी का सपना देख रहे हैं, तो यह इसका कोर्स आपको बेहतरीन करियर बनाने में मदद करेगा। मरीन इंजीनियरिंग कोर्स कर आप देश-विदेश के मरीन फिल्म में नौकरी कर सकते हैं। मरीन इंजीनियरिंग का काम करने वाले युवा जहाज की मरम्मत करने और उसकी देखरेख का काम करते हैं। इसमें भी लाखों रुपए का पैकेज मिलता है।

### मीडिया और एनिमेशन कोर्स

जर्नलिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और ब्रांड एनिमेशन में रुचि रखने वाले स्टूडेंट्स भी विदेशों में जॉब कर सकते हैं। इस कोर्स के लिए सबसे जरूरी है क्रिएटिव स्किल्स। इसमें एनिमेशन की डिमांड है, विज्ञापन और मार्केटिंग के लिए भी इसका उपयोग होता है। इस कोर्स के बाद काफी जॉब विदेशी कंपनियों में निकल रहे हैं। सैलरी भी काफी आकर्षक है। इस कोर्स के जरिए आप अपना बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं, देश में रहकर या विदेश में रहकर भी आप अच्छा पैकेज पर जॉब कर सकते हैं।

# नकारात्मकता को अपनी ताकत बनाकर मजबूती के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़े



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में कई बार हम ऐसे माहौल में फंस जाते हैं, जहां नकारात्मकता हमारा हौसला तोड़ने की कोशिश करती है। चाहे वह पढ़ाई का दबाव हो, दोस्तों या परिवार की आलोचना, असफलता का डर, या समाज की नकारात्मक सोच, ये सभी हमारे आत्मविश्वास को कमजोर कर सकते हैं। लेकिन, प्रिय छात्रों, यह याद रखें कि आपकी ताकत आपके भीतर है। नकारात्मक माहौल को न केवल सहन किया जा सकता है, बल्कि उसमें भी आप मजबूती के साथ आगे बढ़ सकते हैं। आइए, जानते हैं कि कैसे आप नकारात्मकता को अपनी ताकत में बदल सकते हैं। नकारात्मक माहौल तब सबसे ज्यादा प्रभावित करता है, जब हम अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। अपने सपनों को हमेशा सामने रखें। चाहे लोग आपको कितना भी निराश करें, यह याद रखें कि आपका लक्ष्य आपकी प्रेरणा है। हर सुबह अपने आप से पूछें, "मैं यह क्यों कर रहा हूँ?"

## अपने दिमाग को अच्छे विचारों से भरें

**अपने जवाब को ही अपनी ढाल बनाएं। उदाहरण के लिए, अगर आप एक परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो नकारात्मक टिप्पणियों को अनदेखा करें और अपने अध्ययन पर ध्यान दें।**

**सकारात्मक सोच को अपनाएं** : नकारात्मक माहौल में सकारात्मक सोच आपका सबसे बड़ा हथियार है। हर दिन अपने आप को कुछ सकारात्मक बातें कहें, जैसे "मैं मेहनती हूँ," "मैं अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता हूँ।" नकारात्मक लोगों की बातों को सुनें, लेकिन उन्हें दिल से न लगाएं। इसके बजाय, उनसे प्रेरणा लें कि आपको और बेहतर करना है। सकारात्मक किताबें पढ़ें, प्रेरणादायक कहानियाँ सुनें, और अपने दिमाग को अच्छे विचारों से भरें।

**अपने समय का सही उपयोग करें** : नकारात्मक माहौल में समय बर्बाद करना सबसे आसान होता है। लोग आपको हतोत्साहित कर सकते हैं, लेकिन आपका समय आपका है। इसे बुद्धिमानी से उपयोग करें। एक समय सारणी बनाएं और उसका पालन करें। पढ़ाई, खेल, और आत्म-विकास के लिए समय निकालें। जब आप अपने समय का सही उपयोग करते हैं, तो नकारात्मकता आपके दिमाग में जगह नहीं बना पाती।

**सही लोगों का साथ चुनें** : आपके आसपास के लोग आपके विचारों और भावनाओं को बहुत प्रभावित करते हैं। उन लोगों के साथ समय बिताएं जो आपको प्रेरित करते हैं, जो आपका हौसला बढ़ाते हैं। अगर आपके दोस्त या सहपाठी लगातार नकारात्मक बातें करते हैं, तो उनसे दूरी बनाएं। ऐसे गुरु, दोस्त, या परिवार के सदस्यों का साथ चुनें जो आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

**असफलता को सीखने का अवसर बनाएं** : नकारात्मक माहौल में अक्सर असफलता का डर हमें कमजोर करता है। लेकिन असफलता कोई अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। हर गलती से सीखें। अगर आप किसी परीक्षा में अच्छे अंक नहीं ला पाए, तो निराश होने के बजाय यह विश्लेषण करें कि क्या गलत हुआ और उसे कैसे सुधारा जा सकता है। थॉमस एडिसन ने बल्ब बनाने में हजारों बार असफलता देखी, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। आप भी अपनी असफलताओं को अपनी ताकत बनाएं।

**शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें** : नकारात्मक माहौल में मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। रोजाना व्यायाम करें, योग या ध्यान का अभ्यास करें। यह आपके दिमाग को शांत रखता है और तनाव को कम करता है। अच्छा खाना खाएं, पर्याप्त नींद लें, और अपने शौक को समय दें। जब आप शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होंगे, तो नकारात्मकता का आप पर कोई असर नहीं होगा।

## आभार व्यक्त करें

नकारात्मक माहौल में भी कुछ न कुछ अच्छा जरूर होता है। हर दिन इसके लिए आभार व्यक्त करें। उदाहरण के लिए, आपके पास पढ़ने का अवसर है, एक परिवार है, या दोस्त हैं जो आपका साथ देते हैं। आभार की भावना आपको सकारात्मक बनाए रखती है और नकारात्मकता को दूर भगाती है।

**खुद पर भरोसा रखें** : सबसे महत्वपूर्ण बात, खुद पर भरोसा करें। आप में वह ताकत है जो किसी भी नकारात्मक माहौल को पार कर सकती है। लोग जो कहते हैं, वह उनकी सोच है, आपकी हकीकत नहीं। अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें और हर कदम पर खुद को प्रोत्साहित करें। आपके पास वह शक्ति है जो दुनिया को बदल सकती है। बस उस शक्ति को पहचानें और आगे बढ़ें। यह शक्ति आपके आत्मविश्वास, मेहनत और सकारात्मक सोच में छिपी है। नकारात्मक माहौल या चुनौतियाँ आपको रोक सकती हैं, लेकिन अगर आप अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें और अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें, तो कोई भी बाधा आपको नहीं हरा सकती। हर छात्र के भीतर एक अनमोल ऊर्जा है, जो सही दिशा में उपयोग करने पर न केवल आपके जीवन को बदल सकती है, बल्कि समाज और दुनिया को भी बेहतर बना सकती है। इस शक्ति को पहचानें, अपने सपनों को पंख दें, और हर कदम पर दृढ़ता के साथ आगे बढ़ें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** भारत के किस प्रदेश की सीमाएं तीन देशों क्रमशः नेपाल, भूटान एवं चीन से मिलती है ?
(ए) अरुणाचल प्रदेश
(बी) मेघालय
(सी) पश्चिम बंगाल
(डी) सिक्किम

**2.** कौन - सा महत्त्वपूर्ण अक्षांश भारत को दो लगभग बराबर भागों में विभाजित करता है ?
(ए) $23^{\circ}30'$ दक्षिण
(बी) $23^{\circ}30'$ उत्तर
(सी) 0 डिग्री
(डी) $33^{\circ}30'$ उत्तर

**3.** भारत का सुदूर पश्चिम का बिंदु है -
(ए) $23^{\circ}7'$ पश्चिम, गुजरात में
(बी) $68^{\circ}7'$ पश्चिम, राजस्थान में
(सी) $68^{\circ}7'$ पूर्व, गुजरात में
(डी) $68^{\circ}7'$ पूर्व, राजस्थान में

**4.** अरावली एवं विंध्य श्रृंखलाओं के मध्य कौन - सा पठार स्थित है ?
(ए) मालवा का पठार
(बी) छोटानागपुर का पठार
(सी) दक्कन का पठार
(डी) प्रायद्वीपीय पठार

**5.** सिलवासा राजधानी है -
(ए) दमन एवं दीव की
(बी) दादरा एवं नगर हवेली की
(सी) लक्षद्वीप की
(डी) अरुणाचल प्रदेश की

**6.** निम्नलिखित राज्यों में से किसकी तटरेखा सर्वाधिक है ?
(ए) गुजरात
(बी) महाराष्ट्र
(सी) केरल
(डी) तमिलनाडु

**7.** उत्तर भारत में उप हिमालय क्षेत्र के सहारे फैले समतल मैदान को क्या कहा जाता है ?
(ए) तराई
(बी) दून
(सी) खादर
(डी) भावर

**8.** कोरी निवेशिका जिस पर स्थित है, वह है -
(ए) कच्छ की खाड़ी
(बी) खम्भात की खाड़ी
(सी) कच्छ का लिटिल रन
(डी) कच्छ का रन

उत्तर 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### घर से गेहूं के कट्टे चोरी करने का अरोपी काबू

**सिरसा।** कालांवाली थाना पुलिस ने गेहूं चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कालांवाली थाना प्रभारी एसआई रामफल ने बताया कि हरगोबिंद सिंह पुत्र जगरूप सिंह निवासी देसू मलकाना के बयान पर उसके घर से आरोपियों द्वारा गेहूं के गट्टे चोरी कर लिए जाने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान एएसआई जसपाल के द्वारा अपने गुप्त सूत्रों से जानकारी जुटाते हुए आरोपी नवजोत सिंह उर्फ जोती पुत्र दर्शन सिंह निवासी देसू मलकाना को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा गेहूं बरामद की गई है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया जो आदेशानुसार बंद जेल करवाया गया।

### कृष्ण गुंबर बने लायंस क्लब सिरसा के प्रधान

**सिरसा।** लायंस क्लब सिरसा के सभी सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को निजी प्रतिष्ठान पर हुई जिसमें सर्वसम्मति से एक जुलाई से प्रारंभ होने वाले सत्र के लिए कृष्ण गुंबर को सर्वसम्मति से क्लब का प्रधान मनोनीत किया गया। क्लब के प्रधान पद पर चयनित कृष्ण गुंबर ने कहा कि लायंस क्लब सिरसा के सभी सदस्यों के आत्मीयता पूर्ण स्नेहिल सहयोग एवं समर्थन की बदौलत मुझे जो प्रधान पद के लिए मनोनीत किया है, उसके लिए सभी का आभारी हूं। उन्होंने कहा कि वे सभी को विश्वास दिलाते हैं कि वे क्लब के सभी वरिष्ठ एवं अनुभवी लायंस बंधुओं के सहयोग एवं मार्गदर्शन में सामाजिक सेवाओं के नए आयाम स्थापित करेंगे।

### कॉलेज छात्र पर चाकू से हमला करने वाला काबू

**फतेहाबाद।** कॉलेज छात्र पर चाकू से जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अभिषेक पुत्र गुलशन निवासी कबीर बस्ती, फतेहाबाद को गिरफ्तार कर लिया है। थाना फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि पीड़ित आशीष पुत्र अनुपाल निवासी तिगराणा, भिवानी की शिकायत पर पुलिस ने 31 मई को मामला दर्ज किया था। आशीष शहीद बाबा दीप सिंह कॉलेज, अहरवां में बीएससी नर्सिंग का छात्र है और अपने मित्र अक्षित पुत्र सुरेश कुमार, निवासी बरवाला के साथ अहरवा गांव में किराये पर रह रहा है।

### मारपीट मामले में दो युवकों को किया काबू

**टोहाना।** मारपीट के मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। थाना प्रभारी शादी राम ने बताया कि सुभाष चंद्र, निवासी हसनगढ़, वर्तमान में उकलाना मंडी, जिला हिसार ने शिकायत दी थी कि वह दशमेश नगर स्थित अर्चित न्यू वुड कंपनी में बॉयलर एचओडी के रूप में कार्यरत है। लगभग 6-7 महीने पूर्व सुरेंद्र पुत्र बलवान सिंह निवासी धारसूल कुलान भी उसी कंपनी में कार्यरत था, लेकिन कार्य में लापरवाही के चलते उसे नौकरी से हटा दिया गया था। इसी रंजिश में सुरेंद्र ने साथी के साथ सुभाष पर हमला कर दिया।

## तीन दिवसीय प्रयोगशाला परिचारक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

# प्रयोगशाला संचालन, सुरक्षा व प्रशासनिक जिम्मेदारियों पर केंद्रित रहा प्रशिक्षण सत्र

- प्राचार्य अरूण कुमार ने छात्रों के साथ व्यवहार में संवेदनशील संवाद और सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण की आवश्यकता को किया रेखांकित

हरिभूमि न्यूज ⏩ फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** पीएम श्री जेएनवी खारा खेड़ी में प्रयोगशाला परिचारक प्रशिक्षण कार्यक्रम समापन पर मौजूद वक्तागण व प्रशिक्षणार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

जयपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले नवोदय विद्यालयों के प्रयोगशाला परिचारकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 25 जून से 27 जून तक पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी में संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक रहा, अपितु प्रयोगशालाओं के व्यवस्थित संचालन, संरचना एवं नैतिक-प्रशासनिक जिम्मेदारियों के प्रति नवीन दृष्टिकोण का संवाहक भी सिद्ध हुआ।

इस विशेष प्रशिक्षण सत्र का मूल उद्देश्य प्रयोगशाला परिचारकों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप उनकी भूमिका की व्यापकता से परिचित कराना, प्रयोगशालाओं के संचालन व रखरखाव में कौशल वृद्धि करना, सुरक्षा मानकों को समझाना तथा व्यवहारिक, नैतिक एवं कानूनी जिम्मेदारियों से अवगत कराना रहा।

इस दौरान डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अरूण कुमार ने प्रयोगशाला में छात्रों के साथ व्यवहार में संवेदनशील संवाद और सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण की आवश्यकता को रेखांकित किया। एसबीपी डीएवी प्राचार्य सुनीता मदान ने प्रयोगशाला के सुरक्षित संचालन और रखरखाव पर प्रकाश डाला। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक के प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र ने प्रयोगों का जीवंत प्रदर्शन कर प्रतिभागियों को विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की विधियां बताई। संदीप कुमार शर्मा ने प्रयोगशालाओं में अभिलेख संधारण की विधियां स्पष्ट कीं तथा वर्मी कम्पोस्टिंग प्रक्रिया का सजीव प्रदर्शन भी रमेश कुमार माथुर के सहयोग से कराया। डॉ. सचिन यादव ने प्रयोगशाला में होने वाली आपात स्थितियों से निपटने हेतु प्राथमिक चिकित्सा एवं सुरक्षा उपायों पर विशद प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर राजकीय कॉलेज, हिसार प्रोफेसर सत्येंद्र कुमार ने प्रशिक्षण की महत्ता पर विचार साझा किए। विद्यालय प्राचार्य अनूप सिंह ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए इस आयोजन को सफल बनाने हेतु आभार प्रकट किया। उप-प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुमार इस मौके पर सुदेश कुमार, विजयपाल, दीपक त्यागी, संदीप शर्मा व विद्यालय के समस्त शिक्षक तथा कर्मचारी मौजूद रहे।



सिरसा। नप में भ्रष्टाचार के खिलाफ धरने पर बैठे पूर्व पार्षद सुशील सैनी व अन्य।

# मेरे पास भ्रष्टाचार के तमाम सबूतः सैनी

## नप अधिकारियों के भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिरसा

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कपिल अरोड़ा, सुल्तान सैनी, संजय सैनी, ईश्वर सैनी, लाला सैनी, नीरज सैनी, पुरुषोत्तम सुकड़ी सहित अनेक अन्य लोग भी धरने पर मौजूद थे।

नगरपरिषद अधिकारियों द्वारा करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के खिलाफ धरने पर बैठे पूर्व नगर पार्षद सुशील सैनी ने दावा किया कि उनके पास भ्रष्टाचार के तमाम सबूत मौजूद हैं। अगर नगरपरिषद में हुई धांधली की व्यापक और सही जांच न हुई तो हाईकोर्ट जाएंगे और जिला प्रशासन को भी पार्टी बनाया जाएगा। धरने के 11वें दिन सुशील सैनी ने कहा कि प्रशासन ने डीएमसी की जांच के लिए छोटे अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। छोटे अधिकारी अपने वरिष्ठ अधिकारी की जांच दबाव में नहीं करेंगे, यह बड़े संशय की बात है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन ने व्यापक और सही जांच न करवाई तो वे हाईकोर्ट जाएंगे और जिला प्रशासन को भी पार्टी बनाएंगे। जनता के खून पसीने के पैसे की धांधली पर जो पर्दा डाला जा रहा है उसका पर्दाफाश करके रहेंगे। पूर्व पार्षद सुशील सैनी ने कहा कि नगरपरिषद में पिछले 5 साल में 200 करोड़ से अधिक का घोटाला हुआ है। एक एक काम की तीन तीन बार पेमेंट की गई। कागजों में ही गलियों का निर्माण करवा दिया गया। सिरसा के कथित भाजपा नेता की मिलीभगत पूरे भ्रष्टाचार में है। इस पूरे घोटाले की जांच जिम्मेदार अधिकारी से करवाई जानी चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

### प्रोजेक्ट एग्जीक्यूटिव कमेटी ने की 3.28 करोड़ की लागत की सिफारिश

# सीडीएलयू में स्थापित होगा कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर

- कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर युवाओं व महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की प्रोजेक्ट एग्जीक्यूटिव कमेटी ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना के अंतर्गत लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले विश्वविद्यालय में कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर (सीआईसी) की स्थापना की सिफारिश की गई है। यह सिरसा जिले में सरकार द्वारा स्थापित होने वाला अपनी तरह का पहला केंद्र होगा, जो स्थानीय विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

सीडीएलयू के कुलपति प्रोफेसर विजय कुमार ने शुक्रवार को बताया कि यह कॉमन इन्क्यूबेशन सेंटर न केवल युवाओं और महिलाओं को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेगा, बल्कि किसानों की आय में वृद्धि, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य उपलब्धता, स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग व विपणन को भी प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा कि सेंटर के माध्यम से शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य की पूर्ति होगी और आउटरीच प्रोग्राम्स को बढ़ावा मिलेगा व पूरे सिरसा जिले को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस सेंटर की स्थापना हेतु 3.28 करोड़ की वित्तीय सहायता की सिफारिश प्रोजेक्ट एग्जीक्यूटिव कमेटी द्वारा की गई है, जिसकी पुष्टि मंत्रालय द्वारा ईमेल के माध्यम से की गई है। कुलपति ने इस उपलब्धि के लिए इस परियोजना की प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. मंजू नेहरा को बधाई दी। सीडीएलयू के खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मंजू नेहरा, जो इस परियोजना की निदेशक भी हैं, ने बताया कि इस सेंटर के मेंटर संस्थान के रूप में सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट हार्वेस्ट इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, लुधियाना को नामित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार की दूरदर्शी सोच और प्रेरणादायक नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त डेयरी के अतिरिक्त यह सेंटर अनाज, दालें, मोटे अनाज, और छद्म-अनाज जैसे बाजरा, चना, कोदो, क्विनोआ, अमरंथ, बकव्हीट इत्यादि के साथ-साथ आँवला, बेर, किन्नू जैसे स्थानीय फलों से रेडी-टू-ईट व रेडी-टू-सर्व उत्पाद तैयार करेगा, जिससे पोषण में विविधता आएगी और किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त होगा।

## भगवान जगननाथ के रथ के पहियों की पूजा अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏩ सिरसा।

**ये रहे उपस्थित**

इस मौके पर जेपी गुप्ता, डॉक्टर संजीव, योगेश गर्ग, हर्ष खुराना, संदीप भाटिया, जसविंदर पाल पिंकी, साबरमल गुज्जर, संजीव अग्रवाल, मनीष जिंदल, कौशल्या वर्मा, लखविंदर कौर, राज शर्मा , सुमन शर्मा टीम के मेंबर्स सहित निजी सचिव हरपिंदर शर्मा, योगेश बिजारनिया आदि मौजूद थे।

हिसार रोड स्थित रॉयल हवेली में शुक्रवार को भगवान जगननाथ के रथ के पवित्र पहियों की पूजा अर्चना हुई और लोगों ने दर्शन किए। राजस्थान के राज्यपाल हरि भाऊ किशन राव बागड़े भी इस मौके पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल व उनके पुत्र मनीष सिंगला ने उनका स्वागत किया। प्रो. गणेशी लाल ने कहा कि आज के दिन ओडिशा में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जा रही हैं। इसके दर्शन के लिए लोग वहां जाते हैं और साक्षात दर्शन पाकर अपने कष्टों को दूर करते हैं। भगवान जगन्नाथ सांस्कृतिक देवता है और वे स्वयं लोगों के बीच पहुंचते है और दर्शन देते है। जिस व्यक्ति को भगवान के रथ के पहियों के दर्शन होते है, वह सौभाग्यशाली होता है लेकिन ऐसा मौका सभी नहीं मिल पाता।

## न्यूज डायरी

### योग प्रशिक्षक शिविर का हुआ समापन



**रानियां।** शहीद उधम सिंह पार्क में पतंजलि योग समिति रानियां द्वारा चल रहे 11 दिवसीय योग प्रशिक्षक शिक्षक शिविर हवन यज्ञ के साथ समाप्त हो गया। इस योग शिविर में सिरसा व ऐलनाबाद के आधा दर्जन से भी अधिक योग प्रशिक्षक योग की सेवाएं देने के लिए पहुंचे। इसी बीच 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पतंजलि योग समिति रानियां के दर्जनों योग साधकों ने योग के मुख्य कार्यक्रम में बड़े उत्साह हर्षोल्लास के साथ शहर की अनाज मंडी में पहुंचे। इस शिविर की नियमित कक्षा में पहुंचने वाले कई लोगों ने रोगों से निजात पाई और कई योग साथकों ने योग आसनों से अपना वजन भी कम किया। इस सफल योग शिविर के समापन पर पतंजलि योग समिति रानिया के योगी नरेंद्र सोनी, योगी श्याम सुंदर, मा. मनोज कुमार, रिंकू वर्मा, मनोज सिंगला, राजेंद्र कुमार व योग समिति रानियां की महिला प्रभारी इंद्रजीत कौर को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### ई-केवाईसी के लिए 30 जून तक कराएं फेस स्कैनिंग

**फतेहाबाद।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हरियाणा द्वारा पात्र लाभार्थियों की ई-केवाईसी की प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूर्ण कराने हेतु एक नई पहल की गई है। विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार लाभार्थी अब मेरा ई-केवाईसी मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से 100 प्रतिशत ई-केवाईसी कर सकेंगे। विभाग ने सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समयसीमा से पहले यह प्रक्रिया पूरी करें ताकि राशन वितरण में कोई बाधा न आए। जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक विनीत जैन ने बताया कि लाभार्थी अपने स्मार्टफोन में प्ले स्टोर से यह एप्लिकेशन डाउनलोड कर फेस स्कैनिंग के माध्यम से 30 जून तक अपनी ई-केवाईसी पूरी कर सकते हैं। इस सुविधा का उद्देश्य लाभार्थियों को डिपो स्थल पर जाकर भी मोबाइल से ही ई-केवाईसी करने की सुविधा प्रदान करना है। यदि किसी पात्र लाभार्थी की ई-केवाईसी अब तक लंबित है तो वह अपने नजदीकी पीओएस डिवाइस युक्त डिपो पर जाकर भी 30 जून से पूर्व ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण कर सकता है।

### जनसमस्याओं का स्थायी समाधान करें अधिकारी

**सिरसा।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान का एक सशक्त माध्यम बने हैं। एक ही छत के नीचे चाहे विभाग कोई भी हो, से जुड़ी प्रत्येक नागरिक की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी विभागों के अधिकारी समाधान शिविर में आई जनसमस्या का तय समय में स्थायी समाधान करें, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर में आई शिकायतों पर समय-समय पर समीक्षा की जाती है, ताकि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार का विलंब न हो। साथ ही यह जरूर ध्यान दें कि समस्या का स्थायी समाधान हो। इससे पहले कृषि व किसान कल्याण विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।


### ट्रस्ट चलाएगी जरूरतमंदों को सहायता की मुहिम

**सिरसा।** सतगुरु दर्शन ट्रस्ट, फरीदाबाद द्वारा आगामी जुलाई महीने में डबवाली में वैश्विक स्तर पर बेसहारा लोगों की मदद के लिए भोजन, कपड़े सहित आर्थिक सहायता के लिए मुहिम चलाई जाएगी। यह मुहिम पर आने वाले खर्च को ट्रस्ट से जुड़े सदस्य उठाएंगे। ट्रस्ट के सदस्य नरेश मदान व मोहन लाल ने बताया कि प्रतिस्पर्धात्मक इस युग में इंसान के मन की सोच इतनी संकुचित हो गई है कि वह केवल मैं और मेरा तक ही सीमित रह गई है। इसलिए वह आज जो कुछ भी अर्जित कर रहा है, चाहे वह संपत्ति है, धन-दौलत है, पोशाक है, घर बार है या कुछ और है केवल अपने या अपनों के लिए ही कर रहा है। उक्त ट्रस्ट आध्यात्मिक ज्ञान और मानवीय मूल्यों के प्रसार के साथ-साथ परोपकार के कार्य को लेकर भी चर्चा में रहती है।

### मन की बात कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

**फतेहाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर बीजेपी जिला कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में मन की बात कार्यक्रम के प्रदेश सहसंयोजक नरेन्द्र भारती ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने की। बैठक में वीसी के माध्यम से भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली भी जुड़े तथा भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में विशेष रूप से मन की बात कार्यक्रम के लोकसभा संयोजक एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष स. बलदेव सिंह ग्रोहा, चेयरमैन भारत भूषण मिड्ढा, सहसंयोजक लखमी शर्मा, संकेत गर्ग भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान मुख्य वक्ता नरेन्द्र भारती ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 29 जून रविवार को प्रातः 11 बजे फतेहाबाद जिले के सभी 708 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। हर बूथ पर कार्यकर्ता भारी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सुनें। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंडल अध्यक्ष व बूथ अध्यक्षों की ड्यूटियां भी लगाईं। इस अवसर पर जगदीश शर्मा, अशोक जाखड़, सविता टुटेजा, विक्रम शर्मा, भीम लम्बा, डॉ. सुमन बजाज सहित मंडल अध्यक्ष, मन की बात कार्यक्रम के मंडल संयोजक व सहसंयोजक मौजूद रहे।

### जागरूकता कार्यक्रम में 9 ड्रग पीड़ितों को मिली मदद



**रतिया।** जिले में नशा उन्मूलन और सामाजिक सुधार के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज नशा मुक्ति टीम, फतेहाबाद द्वारा रतिया क्षेत्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व एएसआई सुंदर मुसाफिर ने किया। कार्यक्रम के दौरान नशे की चपेट में आए व्यक्तियों को नशा छोडने के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें इस दिशा में आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कुल 9 ड्रग पीड़ितों की काउंसलिंग की गई, जिसमें उन्हें मानसिक एवं भावनात्मक समर्थन के साथ-साथ व्यावहारिक समाधान भी सुझाए गए। काउंसलिंग के उपरांत पीड़ितों को होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक नशा मुक्ति औषधियाँ निःशुल्क वितरित की गई, जिससे वे शारीरिक रूप से भी सुदृढ़ होकर इस संघर्ष में सफल हो सकें। फतेहाबाद पुलिस का यह अभियान न केवल नशाखोरी के खिलाफ लड़ाई का हिस्सा है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में भी एक सराहनीय पहल है। यह पहल कानून व्यवस्था के साथ-साथ जनकल्याण को भी समर्पित है।

### भाजपा की नीतियां हमेशा रही जनविरोधीः डॉ. इंदौरा

**सिरसा।** पूर्व सांसद डॉ. सुशील इंदौरा ने कांग्रेस शासनकाल में लगाई गई इमरजेंसी को भाजपा द्वारा संविधान हत्या दिवस का नाम देने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा की नीति हमेशा से जनविरोधी रही है। अपनी नाकामियां छुपानेके लिए भाजपा द्वारा अनेक प्रकार के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, लेकिन विपक्षी दल कांग्रेस ने उसके हथकंडों पर काफी हद तक लगाम लगाने का काम किया है। पूर्व सांसद ने कहा कि भाजपा द्वारा इमरजेंसी के 50 साल के मौके पर जिलों में मॉक पार्लियामेंट लगाई गई और लोगों को इसके बारे में बताया गया। हालांकि पहले कहा जा रहा था कि सरकार संसद का विशेष सत्र भी बुला सकती है, लेकिन विपक्षी दल कांग्रेस ने उसको पहलगाम कांड और ऑपरेशन सिंदूर से जोड़ दिया तो सरकार पीछे हट गई। सरकार को लगा कि अगर विशेष सत्र बुलाया गया तो इन मुद्दों पर भी चर्चा की मांग उठेगी और अगर चर्चा नहीं होने दी तो इमरजेंसी का नैरेटिव प्रभावित होगा। पूर्व सांसद ने कहा कि भाजपा से सवाल ये है कि इस साल इमरजेंसी को संविधान हत्या दिवस का जुमला क्यों बोला गया? इसका प्रमुख कारण कांग्रेस का संविधान बचाओ अभियान है। पिछले साल के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संविधान बचाओ अभियान शुरू किया।

### हजरस ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन



**सिरसा।** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ ने ईएसएचएम अध्यापकों के रिवर्सन मामले में डीईओ सिरसा वेद सिंह दहिया से मिलकर उनको एक ज्ञापन सौंपा। हजरस जिलाध्यक्ष सुरेश रंगा ने इस रिवर्सन मामले में रोक लगाने की मांग को प्रमुखता से उठाया। हजरस उप प्रधान छोटू राम ने बताया कि वर्तमान में निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा पंचकूला के आदेश पर अनुसूचित जाती एवं पिछड़ा वर्ग 317 मौलिक मु य अध्यापकों को रिवर्ट करने के आदेश जारी किए हैं। जबकि वर्ष 2019 में प्रतिशत मामले में इन अध्यापको को पूर्व में पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त है। धर्मेंद्र कल्याण खंड प्रधान सिरसा ने बताया कि वर्तमान में रिवर्ट किये गए शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया गया, जो सेवा नियमों का उल्लंघन है। शिक्षकों की जिन नियमों के तहत नियुक्ति की गई है, उसमें बाद में शैक्षणिक योग्यता व प्रतिशत की शर्त लगाना कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ है।

### हीमोफीलिया मरीजों के लिए दवा उपलब्ध करवाए सरकारः झोरड़

**सिरसा।** दिव्यांगजन कल्याणार्थ समर्थित संगठन विकलांग संघ उमंग ने मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री एवं निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं को पत्र लिखकर जिले के साथ-साथ प्रदेश के तमाम जिलों में हीमोफीलिया के उपचार के लिए सरकारी अस्पतालों में दवाई उपलब्ध करवाने की मांग की है। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष बंसी लाल झोरड़ ने बताया कि जिले में पिछले 5 महीने से सरकारी अस्पताल में हीमोफीलिया मरीजों के इलाज के लिए फैक्टर आठ व नौ उपलब्ध नहीं है, जिसके चलते हीमोफीलिया के मरीज पीड़ा के दंश को झेलते हुए प्रताड़ित महसूस कर रहे हैं। सोशल मीडिया में प्रकाशित एक खबर के मुताबिक समय पर इलाज न मिलने से 2-3 मरीजों की जान भी जा चुकी है, जोकि अत्यंत दुखदायी है। यद्यपि पड़ोसी राज्यों में उक्त दवा उपलब्ध है लेकिन मरीज को इसके लिए राशि अदा करनी पड़ती है, जोकि गरीब व्यक्ति के लिए संभव नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के अनुरूप तुरंत राज्य के सभी सरकारी जिला अस्पतालों में हीमोफीलिया के उपचार के लिए फैक्टर आठ व नौ की दवा उपलब्ध करवाई जाए, ताकि इन रोगियों के लिए निर्बाध उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

**बैठक** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की बैठक आयोजित

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेंगे पब्लिक हैल्थ और सिंचाई विभाग के कर्मचारी, बनाई रणनीति

- अध्यक्षता ब्रांच प्रधान पब्लिक हेल्थ विनोद जांगड़ा व सिंचाई विभाग ब्रांच प्रधान प्रदीप कुमार ने की

हरिभूमि न्यूज ⏩ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** हड़ताल को लेकर हुई बैठक में भाग लेते पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी।

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन जिला फतेहाबाद की मीटिंग आज सम्पन्न हुई। बैठक में पब्लिक हैल्थ व सिंचाई विभाग कार्यालय के कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान पब्लिक हेल्थ विनोद जांगड़ा व सिंचाई विभाग ब्रांच प्रधान प्रदीप कुमार ने की, जबकि संचालन ब्रांच चेयरमैन इन्द्र सिंह घासी द्वारा किया गया।

मीटिंग में राज्य वरिष्ठ उप प्रधान अजय कुमार, उप प्रधान संदीप पुनिया, संगठन सचिव कृष्ण चमारखेड़ा, प्रचार सचिव निर्मल सिंह, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान भूप सिंह भडोलावाली, जिला सचिव सुरजीत दुसाद, अध्यापक संघ जिला प्रधान राजपाल मिताथल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कर्मचारी नेताओं ने 9 जुलाई को घोषित एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा की।

राज्य वरिष्ठ उप प्रधान अजय कुमार ने कहा कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में रेशेनेलाइजेशन के नाम पर बेलदार, कैनाल गार्ड, हेल्पर, सुपरवाइजर, मैसन, अर्थवर्क मिस्त्री, स्टोर कीपर, टेलीफोन अटेंडेंट, प्लंबर, चार्जमैन, फोरमैन सहित लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़के) के मैकेनिकल विंग में कार्यरत कर्मचारियों के सैकड़ों पदों की कटौती की सिफारिश की गई है।

यह सिफारिश न केवल नियमों की अनदेखी है, बल्कि इससे भविष्य में बेरोजगारी और विभागीय कार्यक्षमता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा। संगठन सरकार के इस निर्णय की घोर निंदा करता है और स्पष्ट करता है कि अगर इस पर पुनर्विचार कर यूनियन को बातचीत के लिए नहीं बुलाया गया, तो कर्मचारियों के भारी रोष को देखते हुए एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मीटिंग में यह भी दोहराया गया कि संगठन पहले भी तीनों विभागों सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़के की प्रमुख मांगों को लेकर सरकार से लगातार संपर्क में रहा है। मांगों को लेकर पहले भी सरकार को 21 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा जा चुका है लेकिन इनकी लगातार अनदेखी से कर्मचारियों में भारी असंतोष है। ऐसे में यूनियन ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सभी नियमित व कच्चे कर्मचारी 9 जुलाई की हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे और इसे पूर्ण रूप से सफल बनाएंगे।

**मीटिंग में ये रहे उपस्थित**

मीटिंग में मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के सचिव संदीप बैजलपुरिया, उप सचिव कुलदीप यादव, संदीप ओला, सोनू कुमार, राजेश कैनाल गार्ड, प्रहलाद सिंह, कृष्ण कुमार, मंजीत कुमार व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### इंश्योरेंस के नाम पर 2 लाख की ठगी के मामले में दो गिरफ्तार

**सिरसा।** साइबर थाना पुलिस ने इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर करीब दो लाख रुपये की साइबर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नितिन पुत्र राजकुमार तथा अनिकेत उर्फ अन्नू पुत्र राजेश निवासी दिल्ली के रूप में हुई है। साइबर थाना प्रभारी सुभाष चंद्र ने बताया कि पीड़ित नवजिंदर सिंह द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, उसने पीएनबी मेटलाइफ की बीमा पॉलिसी करवाई हुई थी। उसे अज्ञात नंबरों से फोन आया, जिसमें उसे बताया गया कि उसकी बीमा पॉलिसी ड्यू हो चुकी है और यदि वह तत्काल भुगतान नहीं करता तो पॉलिसी बंद कर दी जाएगी। फोन करने वाले व्यक्तियों के बहकावे में आकर पीड़ित ने बीती 16 जून को दो लाख रुपए बताए गए खाता नंबरों में ट्रांसफर कर दिए। बाद में पीड़ित को यह ज्ञात हुआ कि वह साइबर ठगी का शिकार हो गया है, जिसके उपरांत उसने साइबर थाना सिरसा में शिकायत दी। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपियों की पहचान कर उन्हें दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया।

## खबर संक्षेप

### कृपाल मेडिकल हॉल पर रक्तदान शिविर 29 को

**फतेहाबाद।** युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करने और जरूरतमंदों को जीवनदायिनी रक्त उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से संत कृपाल रूहानी मिशन राजेन्द्र आश्रम हिजरावां कलां एवं कृपाल मेडिकल हॉल, रतिया चुंगी फतेहाबाद के संयुक्त तत्वावधान में 29 जून, रविवार को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर रिटेल कैमिस्ट एसोसिएशन एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से विचार आश्रम रोड स्थित कृपाल मेडिकल हॉल पर आयोजित किया जाएगा। संत राजिन्दर सिंह महाराज ने कहा कि रक्तदान मानव भलाई का कार्य है। इसी संदेश को आत्मसात करते हुए सावन कृपाल रूहानी मिशन सदैव मानवता की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। यह रक्तदान शिविर भी उसी सेवा भावना का हिस्सा है।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**फतेहाबाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। बाल पुरस्कार में विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

### पुलिस अधीक्षक ने ट्रस्ट को सराहा व सम्मानित किया

# नशे के खिलाफ महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट की मुहिम को मिला सम्मान




**फतेहाबाद।** महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह को सम्मानित करते एसपी सिद्धांत जैन। फोटो : हरिभूमि

- युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक कर खेलों से जोड़ रहा है महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट : भवानी सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में फतेहाबाद जिले को नशामुक्त करने के अभियान में जुटे महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया है। जिला पुलिस द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान' के विशेष पखवाड़ा के समापन पर आयोजित समारोह में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह व उनकी टीम को विशेष तौर पर सम्मानित कर उनके प्रयासों को सराहा गया। एसपी ने कहा कि अगर इसी तरह सामाजिक संस्थाओं का सहयोग जारी रहा तो आने वाले दिनों में फतेहाबाद जिला पूरी तरह इस सामाजिक बुराई से आजाद हो जाएगा।

महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने एसपी सिद्धांत जैन व पुलिस टीम का आभार जताते हुए कहा कि इस पखवाड़े के दौरान पुलिस टीम के साथ सहभागी होना ट्रस्ट के लिए एक गौरवपूर्ण अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में किए जा रहे प्रयासों का ही असर है कि आज गांवों में युवाओं की टीम ट्रस्ट के बैनर तले एकजुट होकर नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठा रही है। युवाओं को न केवल नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रही है वहीं उन्हें खेलों से जोडक़र उन्हें समाज की मुख्य धारा में भी शामिल किया जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा अब तब जिले के अनेक गांवों में कमेटियों का गठन किया जा चुका है और सैंकड़ों युवा इस मुहिम से जुड़ चुके हैं। भवानी सिंह ने कहा कि युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करने हेतु चलाई जा रही उनकी मुहिम को एसपी सिद्धांत जैन एवं प्रशासन द्वारा प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया जोकि ट्रस्ट के लिए गौरव की बात है। यह सम्मान उन सभी के लिए ऊर्जा व प्रेरणा है कि हम इस सामाजिक बुराई के विरुद्ध और अधिक मजबूती से संघर्ष करें और नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु एकजुट होकर काम करें।

## अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर हुई कार्यशाला

**सिरसा।** अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी जागरूकता दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बप्पां द्वारा एक जन-जागरूकता रैली तथा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका संचालन नरेश कुमार ग्रोवर ने किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली नशाखोरी की समस्या को उजागर करना तथा आमजन को इससे मुक्त रहने के लिए प्रेरित करना था। रैली में स्वयंसेवकों ने नकरेंगे नशा, न करने देंगे, नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, एक पल का नशा, जीवन भर की सजा, नशा मुक्त भारत, युवा सशक्त भारत जैसे नारों के माध्यम से जन-जन को जागरूक किया। अंग्रेजी प्रवक्ता नरेश कुमार ग्रोवर ने अपने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति का शारीरिक और मानसिक पतन करता है, बल्कि उसके परिवार और समाज को भी बर्बादी की ओर धकेल देता है। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि वे स्वयं जागरूक बनें और दूसरों को भी नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा का सदुपयोग ही राष्ट्र की असली पूंजी है। नशा इस ऊर्जा का विनाश करता है। हमें नशे को नही, जीवन को चुनना है। कार्यशाला में विभिन्न लघुनाटिका, पोस्टर प्रदर्शनी, संवाद सत्र और अनुभव साझा कार्यक्रम के द्वारा बच्चों और ग्रामीणों को नशे की लत, उसके कारणों, दुष्परिणामों तथा कानूनी पहलुओं की जानकारी दी गई। इस आयोजन में स्थानीय पंच-सरपंच, शिक्षकों, अभिभावकों और ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामूहिक रूप से नशा मुक्ति की शपथ ली।



**सिरसा।** नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करते विद्यार्थी।



**भट्टूकलां।** गांव ढाबी कलां में आयोजित बैठक में भाग लेते किसान। फोटो : हरिभूमि

### ढाबी कलां में जुटे किसान

# किसान सभा की बैठक में 15 सदस्यीय कमेटी किया गठन

**विक्की सिहाग को प्रधान, विनोद कुमार लाम्बा को सचिव चुना गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी भट्टूकलां की बैठक गांव ढाबी कलां में मास्टर हनुमान सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त ने भाग लिया। बैठक में जहां किसानों की बिजली-पानी सम्बंधी समस्याओं पर चर्चा की गई वहीं गांव की 15 सदस्यीय नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें विक्की सिहाग को प्रधान, विनोद कुमार लाम्बा को सचिव, गोवर्धन दास बैनिवाल को कोषाध्यक्ष, सुरजमल जाखड़, मा. हनुमान सिंह, महेन्द्र सिंह को उपप्रधान, प्रताप सिंह को सहसचिव चुना गया। इसके अलावा हवा सिंह, राजेंद्र प्रसाद बैनिवाल, वजीर सिंह सिहाग, अजीत सिंह, साधु राम जाखड़, दिलीप सिंह व दो महिलाओं को कमेटी में शामिल किया गया।

**जनविरोधी फैसले ले रही सरकार**

*बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान विष्णु दत्त ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार किसान व जनविरोधी फैसले ले रही है। मुफ्त बिजली का वायदा कर सत्ता में आने वाली भाजपा ने अब बिजली के रेट बढ़ाकर आम आदमी की कमर तोडक़र रख दी है। कर्ज के बोझ तले दबे किसान आत्महत्या करने को मजबूर है। डीएपी खाद के लिए किसान लंबी-लंबी लाइनों में लगने को मजबूर हैं। सेम की समस्या हो या नकली खाद-बीज की समस्या सरकार इनके समाधान को लेकर बिलकुल गंभीर नहीं है। ऐसे में किसानों और आम लोगों के पास संघर्ष की एकमात्र रास्ता बचा है। उन्होंने 9 जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन करते हुए कहा कि इस हड़ताल में किसान भी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे।*

*संजय इन्सां व रूप चन्द सड़क पर मिला था पैसों से भरा पर्स*

# ईमानदारी अभी भी जिंदा, खोया पर्स पुलिस की सहायता से मालिक को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** असली मालिक को उसका पर्स लौटाते पुलिस प्रवक्ता व डेरा श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

फतेहाबाद पुलिस अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के साथ साथ मानवता भलाई के कार्य में भी आगे है। पुलिस ने आज एक बार फिर ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए एक व्यक्ति को उसका गुम हुए पर्स लौटाया है।

मिली जानकारी के अनुसार फतेहाबाद में रतिया रोड पर नजदीक पेट्रोल पंप के पास राहगीर संजय इन्सां व रुप चन्द निवासी रतिया चुंगी फतेहाबाद को एक पर्स गिरा हुआ मिला। उन्होंने पुलिस प्रवक्ता विनोद कुमार को इसकी जानकारी देकर पर्स सौंप दिया। पर्स में 6300 रुपये के साथ-साथ महत्वपूर्ण कागजात भी मौजूद थे। पुलिस प्रवक्ता विनोद कुमार ने संजय व रुप चन्द के सामने पर्स की तलाशी ली और उसमें मिले दस्तावेजों के आधार पर असली मालिक की पहचान की। पर्स चिरंजी लाल जग्गा निवासी हंस मार्केट फतेहाबाद का निकला। संपर्क स्थापित करने के बाद पर्स को सही-सलामत चिरंजी लाल को सौंप दिया गया। पर्स पाकर चिरंजी लाल अत्यंत भावुक हो उठे और पुलिस एवं डेरा सच्चा सौदा की श्रद्धालु संजय इन्सां, रुप चन्द की ईमानदारी की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि पर्स मिल जाएगा।

*सांसद ने केंद्र व प्रदेश सरकार को सराहा*

# बराला ने लोगों की समस्याएं सुनकर समाधान के निर्देश दिए, कार्यकर्ताओं से भी की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना



**टोहाना।** लोगों की शिकायतें सुनते सांसद सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शुक्रवार को अपने आवास पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलकर विचार विमर्श किया एवं जन समस्याओं का निवारण किया। उन्होंने सभी नागरिकों की बात ध्यान से सुनी और समाधान सुनिश्चित करने हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। राज्यसभा सांसद ने इस दौरान जिला लोक संपर्क एवं शिकायत निवारण समिति के नवनियुक्त सदस्यों को भी बधाई दी। राज्यसभा सांसद सुभाष से मिलने पहुंचे नगर मंडल अध्यक्ष रमन मड़िया, ईश्वर फौजी और स्वीटी मेहता ने जिला लोक संपर्क एवं शिकायत निवारण समिति का सदस्य नियुक्त किए जाने पर आभार व्यक्त किया। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, सजगता और जिम्मेदारी के साथ करेंगे। सांसद सुभाष बराला ने कहा जनता से सीधा संवाद ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तथा राज्य सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में देश के विकास और प्रगति का अद्वितीय युग देख रहा है, और इस यात्रा में हर नागरिक की भागीदारी अनिवार्य है। केंद्र सरकार द्वारा देशभर में बुनियादी सुविधाओं को सशक्त किया जा रहा है, वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों के अनुपालन में हर जिले में विकास की गति अब और भी तेज हुई है। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष रमन मड़िया, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र बंटू, मुनीष शर्मा व अन्य मौजूद रहे।

*नौ जुलाई की हड़ताल का न्योता दिया*

# सर्व कर्मचारी संघ ने हड़ताल को लेकर विभागों में चलाया जनसम्पर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक फतेहाबाद की टीम ने 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर अलग अलग विभागों में जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस अभियान का नेतृत्व रमेश तुषामड़ ने किया। इस दौरान ब्लॉक प्रधान राजपाल मिताथल सचिव इंद्र घासी, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सचिव बेगराज, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान भूप सिंह भड़ोलावाली, सचिव सुरजीत दुसाद, मैकेनिकल के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार, संदीप पूनिया, निर्मल सिंह, कृष्ण चमार खेड़ा, सन्दीप बैजलपूरिया, प्रदीप कुमार प्रधान सिचाई विभाग, रमेश कुमार सिहाग, मंगत राम आदि नेताओं ने भाग लिया। कर्मचारी नेताओं ने दावा किया कि इस हड़ताल में देश के करोड़ों मजदूर कमंचारी भाग लेंगे और फतेहाबाद के कर्मचारी भी इसमें बढ़चढक़र भाग लेकर इसे ऐतिहासिक बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा नीति 2020 के प्रभाव से देश भर में लाखों, हरियाणा में 183 लड़कियों के मिडिल स्कूल बंद कर दिए गए वहीं 194 प्राथमिक स्कूलों को बंद करने की तैयारी है। 4,201 स्कूलों का विलय कर दिया गया है। बीईओ/डीईईओ दफ्तरों को ही खत्म करने की तैयारी है। सीधे क्लस्टर डीईओ से जुड़ेंगे।

उन्होंने मांग की कि कौशल विकास के तहत लगे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। जल घरों को पंचायतों के अधीन न किया जाए। बिजली विधेयक बिल रद्द करो। रोडवेज का निजीकरण बन्द करो। इसके अलावा सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए और पक्के कर्मचारी के बराबर वेतन, भत्ते, सुविधाएं दी जाए।

*सांसद ने कार्यकर्ताओं से की भेंट*

# समाज को बांटकर व झूठ बोलकर वोट लेती है भाजपा : सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली



**सिरसा।** कालांवाली में पत्रकारों से बातचीत करती सांसद सैलजा। *फोटो : हरिभूमि*

सिरसा सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा शुरू से ही समाज को बांटकर और झूठे वायदे पर वोट हासिल करती है और बाद में जनता और जनता से किए गए वायदों को भूल जाती है। साथ ही कहा कि प्रशासन उम्मीदवार पर किसी भी प्रकार का दवाब बनाने के बजाए निष्पक्ष होकर मतदान करवाए यही लोकतंत्र की जरूरत है। वैसे कालांवाली की जनता काफी समझदार है वह अपना भला बुरा देखकर ही मतदान करती है, कालांवाली की जनता ने सदैव कांग्रेस का साथ दिया है क्योंकि कांग्रेस हक के लिए लडऩा जानती है। सैलजा शुक्रवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कालांवाली में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। सांसद कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रतिष्ठान और आवास पर पहुंची और उनका हालचाल जाना साथ ही चुनाव को लेकर भी चर्चा की।



**सिरसा।** बैठक में सरकार के खिलाफ रोष जाहिर करते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## बिजली क्षेत्र को प्राइवेट करने पर तुली सरकार

**सिरसा।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के मुख्य सलाहकार सुरजीत सिंह बेदी ने कहा कि केंद्र सरकार पूरे देश के बिजली ढांचे को बड़े-बड़े पूंजी पतियों के हाथों में सौंपने का काम कर रही है। उन्हें सस्ते दामों पर बड़े मुनाफे के लिए अपने चाहतों कंपनियों को जनता व कर्मचारी के विरोध के बावजूद भी जबरदस्ती निजी हाथों देने का काम कर रही है। सुरजीत सिंह बेदी शुक्रवार को बिजली कर्मचारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में आगामी 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर चर्चा की गई और सरकार की नीतियों के खिलाफ रोष जाहिर किया गया। कर्मचारी नेता ने कहा कि बिजली क्षेत्र प्राइवेट कंपनी के हाथों में जाने के बाद आम जनता व किसान को मिलने वाली सब्सिडी को खत्म कर देगी, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ जाएगी।

### भट्टू मंडी से बाइक चौरी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने गत दिवस भट्टू मण्डी से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में सिरसा के पतलीडाबर क्षेत्र के गांव खुवाली निवासी जितेन्द्र ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से भट्टूकलां आया हुआ था। उसने अपने मोटरसाइकिल को भट्टू मण्डी में खड़ा किया और काम पर चला गया।

कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब मोटरसाइकिल बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में भट्टूकलां पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**नियुक्ति** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली व पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल के समर्थकों में खुशी

# फतेहाबाद जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति के 35 सदस्यों की घोषणा

- 13 सदस्य फतेहाबाद, 12 रतिया और 10 टोहाना विधानसभा क्षेत्र से बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा सरकार द्वारा जिला जन सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति, फतेहाबाद के सदस्यों की नई सूचि जारी की गई, जिसमें फतेहाबाद बीजेपी के अनेक पदाधिकारियों को सदस्य नियुक्त कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी गई गई है। फतेहाबाद जिले में 35 भाजपा कार्यकर्ताओं को समिति का सदस्य बनाया गया है। 13 सदस्य फतेहाबाद, 12 रतिया और 10 टोहाना विधानसभा क्षेत्र से बनाए गए हैं। समिति के मेम्बर बनाने में संगठन से लेकर प्रमुख नेताओं की भी चली है। टोहाना में पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के बराबर समर्थकों को जगह मिली है। इसी तरह रतिया में भी पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल के समर्थकों को भी मेम्बर बनाया गया है। बता दें कि सिंचाई एवं महिला बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी फतेहाबाद जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की अध्यक्ष हैं। मंत्री बनने के बाद श्रुति चौधरी ने इस कमेटी की सिर्फ एक बार ही मीटिंग ली है।



**फतेहाबाद।** ग्रीवेंस कमेटी के नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देते भाजपा जिलाध्यक्ष। फोटो : हरिभूमि

नवनियुक्त सदस्यों का बीजेपी जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया तथा उन्हें बधाई दी। जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति के 35 सदस्यों में फतेहाबाद विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ नेता राजपाल बैनीवाल, जिला महामंत्री अशोक जाखड़, जगदीश नायक, टेकचंद मिड्ढा, फतेहाबाद शहरी मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष सीताराम, भूना मंडल अध्यक्ष एवं गांव गोरखपुर के सरपंच मनदीप योगी, भूना नगरपालिका के वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी, सतबीर दुबका, जसवंत माचरा, जगदीश जाखड़, राजेंद्र प्रजापति व पूनम सिंगला को समिति सदस्य बनाया गया है। रतिया विधानसभा क्षेत्र से पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा, अनूप गोदारा, कुलवंत सैनी, सुरजीत इन्सां, राजेंद्र कौर, डॉ. अजय गुप्ता, प्रवीण चंदेल, गुरचरण कौर, भिरड़ाना मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार, मंडल अध्यक्ष अंकित सिंगला, लखविंदर सिंह, संदीप तनेजा को सदस्य बनाया गया है। इसी तरह टोहाना विधानसभा क्षेत्र से प्रवीण कुमार, वीरभान, गुरसेवक सिंह, बिमला मेहता, ईश्वर सिंह, जाखल के मंडल अध्यक्ष किरण पाल शर्मा, रमन मड़िया, प्रवीण गिल, बसंत बाजीगर, विनोद खिचड़ को मेम्बर बनाया गया है। समिति सदस्यों के चयन में टोहाना पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली और राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, फतेहाबाद में पूर्व विधायक दुड़ाराम, रतिया में पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल के समर्थकों को पूरी जगह दी गई है।

## निरंजन सिंह बने जिला लोक संपर्क एवं शिकायत निर्माण समिति के सदस्य



निरंजन सिंह।

***रानियां।*** *थेड़ी मोहर सिंह से सरपंच निरंजन सिंह को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली द्वारा जिला लोक संपर्क एवं शिकायत निर्माण समिति का सदस्य मनोनीत किया गया। जिस पर नव निर्वाचित सदस्य सरपंच निरंजन सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, जिला अध्यक्ष यतेंद्र सिंह एडवोकेट, पूर्व जिला अध्यक्ष शीशपाल कंबोज व अन्य पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। सरपंच निरंजन सिंह को यह जिम्मेवारी पार्टी के प्रति निष्ठा व समर्पण की बदौलत दी गई है। निरंजन सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने उसे जो जिम्मेवारी दी है वह उसे पूर्ण निष्ठापूर्वक व बिना किसी पक्षपात के निभाने का कार्य करेगा तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के हितों की रक्षा सम्मान रूप से करेगा। उन्होंने सरकार को यह विश्वास दिलाया कि वह जन समस्याओं के त्वरित एवं सकारात्मक समाधान के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा सभी वर्गों की सम्मान रूप से समस्याओं का निवारण करने में हमेशा तैयार रहेगा।*